One time tax on two wheelers

109. SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that several State Governments are accepting one time tax on two wheelers;

(b) if so, what are details of those States which are accepting one time tax on two wheelers;

(c) whether in view of difficulties experienced by the owners of two wheelers in Delhi, Government propose to introduce one time tax procedure for two wheelers; and

(d) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTERY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) Yes, Sir.

(b) The system of 'one time lump sum tax' in respect of two wheelers is operative in Rajasthan, Karnataka, Andhra Pradesh, Maharashtra, Madhya Pradesh, Punjab, Gujarat, Uttar Pradesh, Goa, Chandigarh and Pondicherry. The State Government of J & K have also effected requisite enactment in this regard but the provisions are presently stayed under orders of High Court.

(c) Yes, Sir

(d) Does not arise.

पवन हंस हेलीकाप्टर दुर्घटना संबंधी जांच-प्रतिवेदन

110. डा० अबरार अहमद खान: क्या नागर **विभानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले वर्ष 14 जुलाई और 12 अगस्त को पवन हंस हेलीकाप्टरो की दुर्घटनाओं के संबंध में जांच-प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है; यदि हां, तो उक्त दुर्घटनाओं के क्या कारण थे; यदि जांच प्रतिवेदन अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है तो इसमें विलम्ब के क्या कारण है और जांच में विलम्ब के लिए कौन जिम्मेदार है;

(ख) क्या उक्त दुर्घटनाओं के बाद सभी पवन हंस हेलीकाप्टरो की तकनीकी दृष्टि से जांच कर ली गयी है; यदि हां, तो इस जांच के परिणाम-स्वरूप कितने हेलीकाप्टरों को खराब पाया गया है और इनमें किन-किन खराबियों का पता चला है तथा क्या उन खराबियों को दूर कर दिया गया है तथा इनमें से कितने हेलीकाप्टर उड़ान भर सकने योग्य हैं;

(ग) क्या 8 फरवरी को दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकाप्टर की उड़ान से पहले तकनीकी जांच की गयी थी, यदि हा, तो कब और किसके द्वारा; और

(घ) जांच रिपोर्ट में किन-किन बातों का उल्लेख किया गया था और क्या कोई मरम्मत की गयी थी, और यदि हां, तो मरम्मत किस प्रकार की थी और कब की गयी थी?

नागर विमान और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल): (क) 12.8.88 को हुई हेलीकाप्टर की दुर्घटना की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और इस समय सरकार द्वारा इसकी जाच की जा रही है। 14.7.88 को हुई दुर्घटना की जांच रिपोर्ट को अन्तिम रूप देने में दो कारणों से विलम्ब हुआ है। पहला, मलबे को ढूंढने में समय लगा क्योंकि हेलीकाप्टर गहरी खाई में गिरा था और दूसरा विदेश में निर्माता के साथ इस बारे में चर्चा की गई थी।

(ख) 12 अगस्त, 1988 की दुर्घटना के बाद सभी हेलीकाप्टर तकनीकी जांच के लिए भेजे गए थे। हेलीकाप्टरों मे कोई बड़ी त्रुटि नहीं पाई गई थी।

(ग) और (घ) 7 फरवरी, 1989 को अर्थात् दुर्घटना के दिन तकनीकी कार्मिकों द्वारा फ्लाइट रिलीज़ पर हस्ताक्षर किए गए थे। कोई असामान्यता नहीं पाई गई थी और कोई मरम्मत कार्य नहीं किया गया था।

आस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री के साथ फिज़ी में भारतीयों के सम्बन्ध में चर्चा

111. **श्री राम जेठमलानी:**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा:
क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री की हाल की भारत-यात्रा के दौरान सरकार ने फिजी में भारतीय मूल